देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 12 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
नई लीडरशिप



देहरादून, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 17.0°

74742.5

2 रूस ने भारत से निभाई दोस्ती

7 अद्भुत रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम दर्ज

# हमने बंद कर दी कांग्रेस की दुकान

## चुनावी सभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम नरेंद्र मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बस्तर। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बस्तर की धरती से छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया। भानपुरी के छोटे आमाबाल में चुनावी सभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा करप्शन हुए। साल 2014 से पहले लाखों–करोड़ों के घोटाले हुए। दिल्ली से एक रुपये निकलता था और सिर्फ 15 पैसा ही गांव तक पहुंचता था। ये मैं नहीं कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था। सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि वो कौन सा पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। अब हमने इस कुंजी को ही बंद कर दिया है। चुनाव में कांग्रेसी भ्रष्टाचारी बचाओ रैली निकाल रहे हैं पर वो समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है।

पीएम ने कहा कि एक रुपया भेजो और 15 पैसा मिले वह जादू हमने बंद कर दिया है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस को लगा कि उसे लूटने का लाइसेंस मिला है। 2014 में बीजेपी की सरकार बनने के बाद हमने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया। जब कांग्रेस की दुकान बंद हो गई और लूटने का लाइसेंस चला गया तो वो मोदी को गाली दे रहे हैं। पूर्व की भूपेश सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां की युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया, उनकी तेजी से जांच चल रही है। ऐसे में वो नाराज होकर लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। लेकिन कांग्रेसी समझ लें मोदी इन धमकियों से नहीं डरता है। वह गरीबों का बेटा है और सिर ऊंचा करके चलता है। रामनवमी बहुत दूर नहीं है।

कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि आजादी के बाद दर्शकों तक कांग्रेस की सरकारों ने विकास को नजरअंदाज किया। गरीबों की चिंता नहीं की। कभी महंगाई का मतलब ही नहीं समझा। साल 2014 में गरीब के इस बेटे को देश की सेवा का अवसर मिला। घर और दवा नहीं होने पर गरीबों पर क्या बितती है वो मैं समझता हूं, इसलिए जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा।

### बस्तर में सबसे ज्यादा आना वाला पीएम

पीएम ने कहा कि मोदी आराम करने के लिए नहीं, काम करने के लिए पैदा हुआ है। छत्तीसगढ़ में जितने कोई प्रधानमंत्री बस्तर में नहीं आए हैं, उससे ज्यादा मैं आया हूं। अब आपको मेरा एक काम करना होगा। आप घर–घर जाना और कहना कि मोदी ने आपको जोहार भेजा है, राम–राम कहा है। पीएम ने मंच से लोगों को गुड़ीपड़वा,चौत्र नवरात्रि और रामनवमी की शुभकानाएं दीं।



### कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप

पीएम ने कहा किइस बार अयोध्या में हमारे रामलला टेंट में नहीं बल्कि मंदिर में दर्शन देंगे। 500 साल बाद यह सपना पूरा हुआ तो सबसे अधिक खुशी प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को हुआ, लेकिन कांग्रेसी और इंडी गठबंधन राम मंदिर बनने से बहुत नाराज है। कांग्रेस के शाही परिवार ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के न्योता ठुकराने को जिन कांग्रेसियों ने गलत बताया, उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। इससे साबित होता है कि कांग्रेस तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद को पार कर सकती है। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया है, उसमें भी मुस्लिम लीग की छाप है।

### जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी ने पूजा

आदिवासी समाज को साधते हुए पीएम ने कहा कि जनजाति समाज हमेशा बीजेपी की प्राथमिकता रही है। जिस कांग्रेस ने आदिवासियों का तिरस्कार किया। आज उसी समाज की बेटी देश की राष्ट्रपति है। भाजपा ने ही छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री दिया। भाजपा ने ही आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय और बजट बनाए। पीएम ने कहा कि जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी ने पूजा। इसलिए जनजातियों में भी सबसे पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए पहली बार कोई योजना बनी। 24 हजार करोड रुपए की पीएम जन–मन योजना से छत्तीसगढ़ की अनेक जनजातियों का जीवन आसान होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडी गठबंधन का मंत्र, जहां भी सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। चंद्रपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव स्थिरता और अस्थिरता के बीच का चुनाव है। एक तरफ बीजेपी और एनडीए है जिसका लक्ष्य देश के लिए कड़े और बड़े फैसले लेना है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन है, जिसका एक ही मंत्र है जहां भी सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ। पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रपुर से इतना सारा स्नेह मिलना मेरे लिए और भी विशेष है।

### चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर टीएमसी का प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों को लेकर तेज हुई सरगर्मी के बीच राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे टीएमसी नेताओं को हिरासत में लिया गया है। दरअसल, टीएमसी का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ धरना कर रहा था।

# महिलाओं को एक लाख रुपए, 30 लाख सरकारी नौकरियां

## एमपी में राहुल गांधी ने किए बड़े वादे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिवनी। लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के सिवनी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस की जीत का भरोसा जताया और महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देने का वादा किया। उन्होंने कहा, नई सरकार आने पर एससी, एसटी और पिछड़े वर्ग की महिलाओं के खातों में सालाना 1 लाख रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे।

सिवनी जिले के धनोरा में एक रैली को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा, हमारे घोषणापत्र में तीन से चार क्रांतिकारी कदमों का जिक्र किया गया है जिसमें एससी, एसटी, पिछड़ा और गरीब परिवारों को महिलाओं को एक लाख रुपए दिया जाना शामिल है।

कांग्रेस ने मंडला सीट से पूर्व मंत्री और विधायक ओमकार सिंह मरकाम को मैदान में उतारा है। रैली को संबोधिक करते हुए कांग्रेस ने आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भी सैलरी दोगुनी करने का वादा किया है। राहुल गांधी ने कहा, ष्केंद्र में सरकार बनाने के बाद हम कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी देने का सिस्टम खत्म करेंगे और सरकारी क्षेत्र में 30 लाख भर्तियां निकालेंगे।

पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा, 'एक नया कानून भी लाएंगे कि देश के प्रत्येक बेरोजगार युवा को पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में एक साल की अप्रेंटिसशिप (ट्रेनिंग) मिलेगी जिस दौरान उन्हें भत्ते के रूप में एक लाख रुपये मिलेंगे।''

### किसानों को पर्याप्त एमएसपी मिले

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए एक कानून बनाएगी कि किसानों को उनकी फसलों के लिए पर्याप्त एमएसपी मिले, जिसके लिए वे काफी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। राहल गांधी ने आरोप लगाया कि बीजेपी जानबूझकर आदिवासियों को उनकी जमीन से उखाड़ने और जल, जंगल और जमीन पर उनका अधिकार छीनने के मकसद से उन्हें आदिवासी कहने के बजाय वनवासी कह रही है। उन्होंने कहा, वे उनकी (आदिवासियों की) जमीन उद्योगपतियों को देना चाहते हैं।

# घोषणापत्र में मुस्लिम लीग कहां से आ गया ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को दिल्ली में ईसी के कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के घोषणापत्र को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की मुस्लिम लीग वाली टिप्पणी सहित कई मुद्दों की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद समेत कई लोग शामिल थे।

खुर्शीद ने कहा, प्रधानमंत्री अपने भाषणों में जो कहते हैं, उससे हमें बहुत दुख होता है। उन्होंने हमारे घोषणापत्र के बारे में जो कहा है वह झूठ का पुलिंदा है। हमें इससे बहुत दुख हुआ है। आप किसी अन्य दल के घोषणापत्र पर असहमति रख सकते हैं। आप इस पर बहस कर सकते हैं। आप उसका विश्लेषण कर सकते हैं। लेकिन एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी की पार्टी जो राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल रही है, उसके घोषणापत्र के बारे में ऐसा कहना झूठ का पुलिंदा है। जबकि एक बहुत अच्छा घोषणापत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा, इस घोषणापत्र में मुस्लिम लीग कहां से आ गया? हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं। हमने स्वाधीनता संग्राम में भाग लिया, जो पीएम मोदी की पार्टी ने नहीं किया। हम पर इस तरह के आरोप लगाना दुख की बात है।

### आरोप

■घोषणापत्र पर पीएम की टिप्पणियों के खिलाफ ईसी पहुंची कांग्रेस

### गंभीरता से लें और इस पर कार्रवाई करें: खुर्शीद

पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने यह भी कहा, हम इस मामले से बेहद दुखी हैं और हम समझते हैं कि प्रधानमंत्री को ऐसी बात कहने का कोई अधिकार नहीं है। हमने इस मामले को चुनाव आयोग के सामने रखा और उनसे विशेष आग्रह किया है कि वे इसे गंभीरता से लें और इस पर कार्रवाई करें।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# इतने समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ अपने अहम फैसलों के लिए जाने जाते हैं। वे अब तक कई बड़े मामलों की सुनवाई कर चुके हैं। एक बार फिर से उन्होंने सोमवार को बड़ा बयान दिया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने जजों द्वारा लंबे समय तक अदालती मामलों को रिजर्व रखे जाने पर चिंता जताई है।

### जजों के रवैये पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने जताई चिंता

उन्होंने दो टूक कहा कि ईमानदारी से कहूं तो इतने समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखती हैं।

कोर्ट की सुनवाई और फैसलों पर रिपोर्ट करने वाली बार एंड बेंच के अनुसार, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, चिंता का विषय यह है कि जज बिना फैसलों के 10 महीने से अधिक समय तक मामलों को रिजर्व रखते हैं। मैंने सभी हाई कोर्ट को लिखा है। लेटर के बाद मैंने देखा है कि कई जज केवल मामलों को रिजर्व कर रहे हैं और सूचीबद्ध कर रहे हैं। इसके अलावा, आंशिक सुनवाई भी कर रहे हैं। ईमानदारी से कहूं तो इतने लंबे समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं और जज भूल जाते हैं।

# रूस ने भारत से निभाई अपनी दोस्ती

## यूक्रेन युद्ध के बाद भी भारत को भेजी 100 ईगला मिसाइल

डील

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



मास्को। यूक्रेन युद्ध में फंसे होने के बाद भी रूस ने भारत से दोस्ती निभाई है और ईगला एयर डिफेंस सिस्टम की पहली खेप भारत को भेज दी है। इसके तहत भारत को 100 ईगला मिसाइलें मिली हैं। भारत और रूस के बीच हुई डील के तहत 24 मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम और 100 मिसाइलें रूस से मिली हैं और बाकी का भारत में ही निर्माण किया जाएगा। इस मिसाइल के मिलने के साथ ही भारत की बहुत कम दूरी की एयर डिफेंस क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी होगी। इससे पहले भारत ने साल 2021 में इमरजेंसी खरीद के तहत रूस से 24 लांचर और 216 मिसाइलें खरीदी थीं लेकिन ताजा डील काफी बड़ी है।

इगला एस सिस्टम में एक सिंगल लॉन्चर और एक मिसाइल होती है। भारत ने पिछले साल नवंबर महीने में 120 लॉन्चर और 400 मिसाइलों को खरीदने की डील की थी। रूस ने भारत को तकनीक ट्रांसफर की है और अब ये मिसाइलें तथा लॉन्चर हिंदुस्तान में ही बनेंगे। इगला एस मिसाइल को भारत की उत्तरी सीमा पर पहाड़ी इलाकों में तैनात सैनिकों को दिया जाएगा जो चीन और पाकिस्तानी फाइटर जेट के खतरे का सामना कर रहे हैं। सेना के एक रेजिमेंट को इस सिस्स्टम से लैस कर दिया गया है। यही नहीं आने वाले समय में इसे अन्य रेजिमेंट को भी दिया जाएगा।

इस मिसाइल की फायरिंग रेंज 500– 6000 मीटर है। वहीं टारगेट ऊंचाई 10 से 3500 मीटर है। ईगला एस सिस्टम को रूस की कंपनी बनाती है और उसने फ्रांस की कंपनी को पीछे छोड़ दिया था। मैनपैड सिस्टम पोर्टेबल सरफेस टु एयर मिसाइल सिस्टम होता है। इससे कम ऊंचाई पर उड़ने वाले हवाई खतरों जैसे फाइटर जेट, हेलिकॉप्टर, ड्रोन और मिसाइलों को भी मार गिराया जा सकता है। भारतीय सेना पहले से ही ईगला 1 एम श्रेणी की मिसाइलों का इस्तेमाल कर रही है। इससे पहले रक्षा अधिकारियों ने खुलासा किया था कि भारत का 97 फीसदी एयर डिफेंस सिस्टम पुराना पड़ चुका है।

ईगला एस सिस्टम की मिसाइलों के वारहेड को काफी बढ़ाया गया है और इसकी रेंज भी बढ़ गई है। इसमें ज्यादा संवेदनशील सीकर लगाया गया है। इसे रोकना या चकमा देना अब आसान नहीं है। कंपनी का दावा है कि यह 80 से 90 फीसदी तक सफल है। अब तक रूस इस एयर डिफेंस सिस्टम को इराक, लीबिया, वेनेजुएला, कजाखस्तान, कतर आदि शामिल हैं।

### न्यूज डायरी



### एलन मस्क ने की ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाने की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियो डी जनेरियो। सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क ने रविवार को ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के पद से हटाने की मांग की। एलोन मस्क ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पर गलत सूचना फैलाने के संदेह में खातों को ब्लॉक करने के लिए सेंसरशिप का आरोप लगाया था।

टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक मस्क ने एलेक्जेंडर डी मोरेस के बारे में कहा कि इस जज ने बेशर्मी से और बार–बार ब्राजील के संविधान और लोगों को धोखा दिया है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और उनपे महाभियोग चलाना चाहिए। एलोन मस्क ने न्यायाधीश के खिलाफ सोशल मीडिया एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट कर उनपर हमला बोला। एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट कर जज पर कई आरोप लगाए। एलन मस्क ने कहा कि न्यायाधीश ने बेशर्मी से और बार–बार ब्राजील के संविधान और लोगों को धोखा दिया है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। बता दें कि ब्राजील के जज ने एक्स के कुछ अकाउंट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया था जिसके बाद मस्क ने जज को चुनौती दी। वहीं एक दूसरे पोस्ट में मस्क ने कहा कि एक्स ब्राजील में कुछ अकाउंट्स पर सीजेआई अलेक्जेंडू डी मोरेस द्वारा तय की गई सभी पाबंदियों को हटा रहा है।

### इमरान खान अप्रैल में जेल से हो जाएंगे रिहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के नेता सरदार लतीफ खोसा ने दावा किया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान अप्रैल में जेल से रिहा हो जाएंगे। रिपोर्ट ने इसकी जानकारी दी। खोसा ने रविवार को एआरवाई न्यूज पर एक शो के दौरान कहा, श्तोशाखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री की सजा को अदालत ने निलंबित कर दिया है, जबकि सिफर मामला एक सप्ताह भी नहीं टिकेगा। खोसा ने कहा, 9 मई के दंगों से संबंधित किसी भी मामले में पीटीआई संस्थापक की संलिप्तता साबित नहीं हुई थी।खोसा ने सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सजा को यह कहकर खारिज कर दिया कि दस्तावेज अदालत के समक्ष उपलब्ध नहीं कराए गए थे। पीटीआई नेता ने पुष्टि की कि पार्टी के संस्थापक अपनी रिहाई के लिए बातचीत नहीं करेंगे और न ही वो देश छोड़कर भागेंगे। खोसा ने जोर देकर कहा कि इमरान खान चाहते हैं कि सभी संस्थाएं पाकिस्तान के संविधान के अनुसार काम करें और वह बदले की राजनीति के खिलाफ हैं। इससे पहले, कार्यक्रम के दौरान पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने पार्टी के दावे को दोहराया कि इमरान खान को इस महीने जेल से रिहा कर दिया जाएगा। वहीं, पीटीआई संस्थापक के खिलाफ मामलों को राजनीति से प्रेरित मामले बताते हुए उन्होंने घोषणा की कि खान के खिलाफ सभी कानूनी कार्यवाही जल्द समाप्त हो जाएगी।

### गुलाम हैदर ने सचिन पर लगाया सीमा से मारपीट का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर ने कहा है कि वह जल्द भारत आएगा और अपने बच्चों को लेकर जाएगा। गुलाम हैदर ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि सीमा हैदर के साथ लगातार मारपीट हो रही है और उसके तंग किया जा रहा है। बच्चों को भी परेशान किया जा रहा है। गुलाम ने कहा कि एके सिंह मीडिया के सामने दुनिया के लिए सीमा का भाई बना हुआ है लेकिन उसके साथ हो रहे जुल्म पर एकदम चुप है। ये एक हल्के आदमी की पहचान है, कोई गैरतमंद इंसान अपनी बहन के साथ ऐसी ज्यादती नहीं सह सकता है। गुलाम ने कहा, श्एके सिंह राखी बंधवाके भाई बना है और चुप है। ये आदमी सब जानता है कि सचिन चरस पीकर सीमा पर जुल्म करता है। बच्चों के साथ खराब बर्ताव करता है लेकिन ये कुछ नहीं कहता है। मैं मानता हूं कि भारत महान है लेकिन ये लोग इस तरह के जो काम कर रहे हैं, वो भारत की शान गिराते हैं। सीमा को मार पड़ रही है और इसके सबूत अब सामने आ गए हैं। मेरे पास इसके फोटो और वीडियो हैं। पहले लोगों ने सीमा क साथ मारपीट की मेरी बातों को झुठला दिया लेकिन अब सच्चाई सबके सामने आ गई है।

## म्यांमार की सेना लड़ाई में ले रही रोहिंग्याओं की मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नेपीडॉ। इसे विडंबना कहिए या नियति का खेल कि एक दशक पहले म्यांमार की सेना ने रोहिंग्या मुसलमानों पर अत्याचार किए थे। उन्हें उनके घरों और बस्तियों से निकालकर बेघर कर दिया गया था। आज उन्हीं रोहिंग्याओं से मदद मांग रही है। विद्रोहियों के हाथों लगातार एक के बाद शिकस्त खा रही म्यांमार की सेना अब लड़ाई में रोहिंग्या मुसलमानों की मदद ले रही है। म्यांमार के सैन्य शासन को विद्रोही बलों के हाथों महत्वपूर्ण नुकसान उठाना पड़ा है। शनिवार को म्यांमार की सेना थाइलैंड की सीमा पर स्थित मेवड्डी शहर को विद्रोही बलों के आगे हार गई। इस शहर पर विद्रोहियों का कब्जा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि म्यांमार का जमीन के रास्ते होने वाला अधिकांश व्यापार इसी रास्ते से होता है।

इतना ही नहीं, म्यांमार की जुंटा को लड़ाई में बड़ी संख्या में सैनिक भी गंवाने पड़े हैं। उनमें से कुछ मारे गए, घायल हुए और कुछ ने सरेंडर कर दिया या पाला बदलकर विद्रोही बलों के साथ मिल गए। अब नई भर्ती करना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि बहुत कम लोग ही इस समय सेना में जाना चाह रहे हैं। उन्होंने बीबीसी सो बताया कि उन्हें सिटवे में इंफेंट्री बटालियन के एक बेस पर ले जाया गया।



अमेरिकी, ब्रिटिश व इजरायली जहाज को बनाया निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने हमले के ताजा सिलसिले में अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल के जहाजों को निशाना बनाया है। हूती ने ये हमले रॉकेट और ड्रोन से किए हैं। हूती विद्रोही गाजा पर इजरायली हमले के विरोध में नवंबर 2023 से लाल सागर और उसके आसपास के जल क्षेत्र में मालवाहक जहाजों पर हमले कर रहे हैं। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने कहा है कि उन्होंने ब्रिटेन के एक जहाज को निशाना बनाया है, जबकि अमेरिका के युद्धपोत निशाना बने हैं। अरब सागर और हिंद महासागर में इजरायली जहाजों को निशाना बनाया गया है। हूती की सैन्य शाखा के प्रवक्ता याह्या सारी ने टेलीविजन पर दिए बयान में बताया है कि ये हमले बीते 72 घंटों में किए गए हैं।

## इजरायल गाजा युद्ध में जीत से बस एक कदम दूर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

■ पीएम नेतन्याहू ने दिया युद्धविराम पर दो टूक जवाब

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल गाजा युद्ध में जीत से बस एक कदम दूर है। उन्होंने कसम खाई कि जब तक हमास सभी बंधकों को मुक्त नहीं कर देता, तब तक कोई संघर्ष विराम नहीं होगा। हमास के उग्रवादियों द्वारा इजरायल पर अभूतपूर्व हमले के बाद 7 अक्टूबर को शुरू हुए युद्ध के छह महीने पूरे होने पर एक कैबिनेट बैठक में पीएम नेतन्याहू ने यह बात कही।

नेतन्याहू ने कहा, हम जीत से एक कदम दूर हैं, लेकिन हमने जो कीमत चुकाई वह दर्दनाक और हृदय विदारक है। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ काहिरा में संघर्ष विराम वार्ता फिर से शुरू होने की उम्मीद के बीच उन्होंने कहा, बंधकों की वापसी के बिना कोई युद्धविराम नहीं होगा। ऐसा नहीं होगा।

नेतन्याहू ने विशेष जोर देते हुए कहा कि इजरायल समझौते के लिए तैयार है, लेकिन आत्मसमर्पण करने के लिए नहीं। उन्होंने कहा, इजरायल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव डालने के बजाय, अंतरराष्ट्रीय समुदाय का दबाव हमास के खिलाफ निर्देशित किया जाना चाहिए, जो हमास को अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करता है। इससे बंधकों की रिहाई में मदद मिलेगी। 1 अप्रैल को गाजा हवाई हमले में अमेरिका स्थित फूड चैरिटी एनजीओ वर्ल्ड सेंट्रल किचन के सात सहायताकर्मियों की मौत पर इजरायल को अंतरराष्ट्रीय आक्रोश का सामना करना पड़ा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने नेतन्याहू के साथ एक फोन कॉल में तत्काल युद्धविराम की मांग की और नागरिकों की हत्या को कम करने और मानवीय स्थितियों में सुधार पर इजरायल के लिए अमेरिकी समर्थन को सशर्त बनाने का संकेत दिया। नेतन्याहू ने कहा, जो कोई हमें चोट पहुंचाता है या हमें चोट पहुंचाने की योजना बनाता है – हम उसे चोट पहुंचाएंगे।

### हवा में अचानक टूटकर गिरने लगा विमान का इंजन कवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क ख्यूएस,। अमेरिका के डेनवर में उस वक्त एक प्लेन हादसे का शिकार हो गया जब वह डेनवर से ह्यूस्टन जा रही थी। इस हादसे के पीछे का कारण हवा में अचानक इंजन कवर का टूटना बताया जा रहा है। यह हादसा साउथवेस्ट एयरलाइंस के बोइंग 737–800 में हुआ। इंजन का कवर जैसे ही हवा में गिरा वह विमान के विंग फ्लैप से टकरा गया। अभी तक इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ह्यूस्टन जा रहा यह विमान रविवार को डेनवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से लौट आया। यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने बोइंग 737–800 का इंजन कवर गिरने और विंग फ्लैप से टकराने के मामले की जांच शुरू कर दी है। एफएए ने बयान में कहा कि वह इस मामले की जांच करेगा। रिकॉर्ड किए गए एयर ट्रैफिक कंट्रोल ऑडियो में, पायलटों में से एक ने कहा कि कई यात्रियों और फ्लाइट अटेंडेंट ने विंग पर कुछ जोर से टकराने की आवाज सुनी थी।

**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कार्मिक टीम भावना एवं एकजुटता के साथ दायित्वों का करें निर्वहन

**प्रशिक्षण**

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने 282 अधिकारी एवं कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपादन कराने के लिए प्रशिक्षण के पांचवे दिन सोमवार को 282 अधिकारी एवं कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपादित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में 70 पोलिंग पार्टियों के 282 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारियों एवं सेक्टर अधिकारियों को द्वितीय चरण के पांचवे दिवस पर भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।

आयोजित प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने में भी अधिकारी एवं कार्मिक को घबराने की आवश्यकता नहीं है तथा सभी कार्मिक टीम भावना एवं एकजुटता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ही निर्वाचन प्रक्रिया संपादित करें जिससे कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन संपन्न करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि आयोग के जो भी दिशा–निर्देश हैं उन निर्देशों को सभी अधिकारी भली–भांति अध्ययन कर लें एवं किसी प्रकार की कोई समस्या एवं परेशानी होने पर उच्च अधिकारियों से संपर्क करते हुए अवगत कराएं ताकि समस्या का तत्परता से समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रारूप–17ए एवं प्रारूप–17सी एवं ईवीएम मशीन के बारे में ठीक तरह से जानकारी प्राप्त कर लें ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने में किसी तरह की समस्या न होने पाए। उन्होंने यह भी कहा कि माकपोल प्रक्रिया को संपादित करने में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा सभी अभिकर्ताओं के समक्ष माकपोल की प्रक्रिया संपन्न कराइ जाए एवं ईडीसी के माध्यम से जो भी कार्मिकों द्वारा मतदान कराए जा रहे हैं उसकी भी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने पीडीएमएस के संबंध में कहा कि एसएमएस के माध्यम से समय–समय पर जो भी निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में सूचनाएं प्रेषित की जानी हैं उन्हें भी तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन धैर्य के साथ करें तथा सभी अधिकारी पीठासीन की डायरी का भली भांति अध्ययन कर लें। मास्टर ट्रेनर मनोज सिंह बिष्ट ने ईवीएम एवं वीवीपैट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## न्यूज डायरी

### वर्क के कार्यकर्ताओं ने आमजन को भोजन व पानी किया वितरित

**संवाददाता** देहरादून। वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलिजन एंड नॉलेज (वर्क) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को समाज सेवा करते हुए पलटन बाजार जामा मस्जिद के सामने सभी आमजन को भोजन व पानी वितरित करने का कार्य किया। वर्क के कार्यकर्ताओं ने चावल आलू और सोयाबीन की तहरी बनाकर सभी लोगों को खाना खिलाने और पानी पिलाने का कार्य किया तेज कर्मी में सभी लोगों ने भोजन व पानी ग्रहण कर आनंद उठाते हुए वर्क के कार्यकर्ताओं की होसला अफजाई की और प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज की सेवा पूर्ण रूप से हिंदू ,सिख ,ईसाई बहन भाइयों के लिएं है क्योंकि इस महीने में मुस्लिम लोगों के रोजे होते हैं रमजान के पाक महीने के चलते सभी कार्यकर्ताओं ने रोजे रख कर उस खुदा की इबादत की।

### सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने ग्रीन प्वाइंट पीटीई. लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा किया

**संवाददाता** देहरादून। सर्वेश्वर फूड्स, फूड इंडस्ट्री में एक प्रसिद्ध नाम, ने घोषणा की है कि 100 प्रतिशत ऑर्डिनरी शेयर्स यानी 1 एसजीडी की फेस वैल्यू का 1 ऑर्डिनरी शेयर और ग्रीन पॉइंट पीटीई. लिमिटेड के बिजनेस के अधिग्रहण से जुड़ी अपनी पूर्व सूचना को जारी रखते हुए, कंपनी ने ग्रीन पॉइंट पीटीई लिमिटेड के 100 प्रतिशत साधारण शेयर और बिजनेस का अधिग्रहण कर लिया है। ग्रीन प्वाइंट पीटीई. लिमिटेड का टर्नओवर 3,139,471 अमेरिकी डॉलर था। इससे पहले, कंपनी ने बताया था कि उसे सरकार की नोडल एजेंसी एनएएफईडी के माध्यम से अफ्रीका के लिए लगभग 6 मिलियन अमरीकी डालर के 90,000 क्विंटल प्रीमियम सफेद चावल की आपूर्ति करने के लिए सफलतापूर्वक आमंत्रित किया गया।

### बजाज फाइनेंस ने एफडी दरों में 60 आधार अंकों तक की बढ़ोतरी

**संवाददाता** देहरादून। देश के सबसे बड़े फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप में शामिल, बजाज फिनसर्व की सहायक कंपनी बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने अपने ज्यादातर अवधि वाले फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 से 35 महीने की अवधि की एफडी के लिए ब्याज दरों में 60 आधार अंक तक और 18 से 24 महीने की अवधि की एफडी के लिए 40 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह नई दरें 3 अप्रैल, 2024 से प्रभावी है। गैर–वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 25 से 35 महीने की अवधि की एफडी के लिए ब्याज दरों में 45 आधार अंक, 18 और 22 महीने की अवधि की एफडी के लिए 40 आधार अंकों, 30 और 33 महीने की अवधि की एफडी के लिए 35 आधार अंकों तक की बढ़ोतरी की गई है।

# 85 से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को घर–घर जाकर कराया गया मतदान

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में ऐसे मतदाता जो दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं जो मतदान के दिन अपने पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंच सकते ऐसे मतदाताओं को सोमवार को पोलिंग पार्टियों द्वारा घर–घर जाकर मतदान कराया गया।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सभी मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से ऐसे दिव्यांग मतदाता एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाता जो निर्वाचन के दिन अपने पोलिंग बूथ पर नहीं पहुचं सकते, ऐसे मतदाताओं को आज जनपद की दोनों विधानसभाओं में घर–घर जाकर पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान कराया गया। जनपद की दोनों विधान सभाओं में 67 दिव्यांग मतदाता तथा 335 मतदाता 85 आयु वर्ग से अधिक के हैं जिन्होंने फार्म–12डी में आवेदन कर घर पर ही अपने मतदान कराए जाने की मांग की गई थी, ऐसे मतदाताओं को सोमवार से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है जो 12 अप्रैल, 2024 तक घर–घर जाकर पोलिंग टीमों द्वारा दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं का मतदान कराया जाएगा।

ग्राम रामपुर छिड़ी की श्रीमती छोटी देवी पत्नी स्व. श्री पृथ्वी सिंह उम्र–92, श्रीमती भौपाली देवी पत्नी नरोत्तम पुरी उम्र–87 साल, श्रीमती जनदेई देवी पत्नी स्व. अवतार सिंह उम्र–90 वर्ष, ग्राम मठियाणा, छतोली, ने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने पर बहुत उत्साहित दिखे।



## पुलिस व अर्ध सैनिक बलों ने फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्ण निर्वाचन का दिया संदेश

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला मुख्य बाजार में सोमवार को पुलिस व अर्ध सैनिक बलों ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व भयमुक्त निर्वाचन के लिए मुख्य बाजार कुमोला रोड से मोरी रोड तक फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्ण निर्वाचन का संदेश दिया। थानाध्यक्ष पुरोला मोहन कठैत के नेतृत्व में सभी सुरक्षाबलों ने संयुक्त फ्लैगमार्च कर सभी से अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग कर भयमुक्त निर्वाचन की अपील की। थानाध्यक्ष कठैत ने कहा कि लोक सभा चुनाव को दृष्टिगत सभी सुरक्षा सम्बंधित व्यवस्थाओं के लिए सुरक्षाबल मुस्तैद हैं। निरन्तर वाहनों की चेकिंग व क्षेत्रों में गस्त की जा रही है।

# स्वीप टीम ने नगर क्षेत्रों में घर घर जाकर दिया जागरूकता संदेश

**संवाददाता**

चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत चमोली के नगर क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए गए। इस दौरान नगर क्षेत्र में मोहल्ला संगठन के साथ चौपल और घर–घर संपर्क अभियान संचालित किए गए।




चमोली में सोमवार को जागरूकता अभियान के तहत जोशीमठ, पीपलकोटी, गोपेश्वर, कर्णप्रयाग, गौचर, थराली और पोखरी नगर क्षेत्र में घर–घर संपर्क अभियान और चौपाल आयोजित की गई। इस दौरान स्वीप कार्मिकों ने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित करते हुए मतदाता शपथ भी दिलाई। दूसरी ओर मतदाताओं को जागरूक करने के लिये स्वीप रेडियो पॉडकास्ट चौनल के पांचवें एपिसोड के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि जनपद में शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं प्रेरित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। स्वीप नोडल अधिकारी अभिनव शाह ने कहा कि दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक के वृद्ध मतदाताओं के लिये जनपद में होम वोटिंग शुरु कर दी गई है।

इस अवसर पर जिला स्वीप समन्वयक कुलदीप गैरोला, सह समन्वयक डा.दर्शन नेगी, अनूप खंडूरी, दर्शन पंवार आदि मौजूद थे।

## सभी मोटर मार्गो को सुचारू रखने के निर्देश

**संवाददाता** चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान पार्टियों के रूटचार्ट को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने एनएचआईडीसीएल, पीएमजीएसवाई, लोनिवि, बीआरओ सहित सभी सड़क निर्माणदायी संस्थाओं के अधिकारियों की बैठक लेते हुए सभी मोटर मार्गो को सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल परिवहन को रूटचार्ट आज ही संबंधित विभागों को साझा करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी संबंधित विभाग रूटचार्ट को देख लें अगर रूटचार्ट में किसी विभाग की सड़क आ रही है तो उसका इंसपेक्शन करा लें। और जहां पर भी कोई दिक्कत हो उसे शीघ्र दुरस्थ करने के निर्देश दिए। साथ ही सिचांई विभाग, एनएच और पीडब्लूडी को हल्दापानी में संयुक्त निरीक्षण करते हुए सड़क को एक सप्ताह में सुचारू करने के निर्देश दिए। कहा कि मतदान पार्टियों को मतदेय स्थल तक पहुंचने में कहीं कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

*नम्रता पत्थर को भी माँ कर देती है।*
*अज्ञात*




# विचार-प्रवाह

देहरादून, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

पेज थ्री
www.page3news.in


# नई लीडरशिप

**इससे पहले 2019 में भी लोकसभा चुनावों के दौरान पूरा आईपीएल देश में खेला जा चुका है, लेकिन इस बार इस बात पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है कि चुनावी प्रक्रिया का ब्रैंड आईपीएल पर कितना और कैसा प्रभाव पड़ने वाला है।**

गुलशन राय खत्री।।

चेन्नै सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच हुए मुकाबले के साथ ही आईपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत हो गई। दो महीने चलने वाला यह इवेंट देश में एक ऐसे मौसम का रूप लेता जा रहा है, जो घर–घर में रुटीन बदल देता है। लोग देर रात मैच खत्म होने के बाद सोते हैं और फिर अगली सुबह समय पर दफ्तर पहुंचने की जद्दोजहद में जुटे दिखते हैं। बहरहाल, इस बार कुछ ऐसी बातें हैं, जो आईपीएल के इस सीजन को खास बनाती हैं।

आईपीएल के इस सीजन में पहली बार 'स्मार्ट रीप्ले सिस्टम' दिखने वाला है। इसमें टीवी अंपायर के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा फोटो विश्लेषण का मौका होगा। जाहिर है, इससे अंपायर कैच, स्टंपिंग और स्टॅ आदि पर ज्यादा सटीक फैसला देंगे और दर्शक भी फैसले के पीछे की प्रक्रिया बेहतर ढंग से समझ पाएंगे।



मुंबई इंडियंस ने तो आईपीएल सीजन शुरू होने से काफी पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को नया कप्तान घोषित कर दिया था। सीजन शुरू होने के ऐन पहले एम एस धोनी ने भी चेन्नै सुपर किंग्स की कप्तानी छोड़ने का एलान कर दिया। वह जिम्मेदारी रितुराज गायकवाड़ के कंधों पर आई है। गुजरात टाइटंस (शुभमान गिल) और हैदराबाद (पैट कमिंस) की टीमें भी इस बार नए कप्तान की अगुआई में मुकाबले में उतर रही हैं।

आईपीएल के इस 17वें सीजन को इस लिहाज से भी खास माना जा रहा है कि यह पूरा मुकाबला लोकसभा चुनावों के साये में संपन्न होगा। 22 मार्च से 26 मई तक चलने वाला 66 दिनों का कार्यक्रम इसे आईपीएल के इतिहास का सबसे लंबा सीजन बना देता है। लेकिन चुनाव उससे भी आगे खिंचने वाले हैं। सातवें और आखिरी दौर का मतदान 1 जून को होगा और रिजल्ट 4 जून को आएगा।

हालांकि इससे पहले 2019 में भी लोकसभा चुनावों के दौरान पूरा आईपीएल देश में खेला जा चुका है, लेकिन इस बार इस बात पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है कि चुनावी प्रक्रिया का ब्रैंड आईपीएल पर कितना और कैसा प्रभाव पड़ने वाला है। इसकी पुष्टि पिछले हफ्ते आई एक रिपोर्ट से भी होती है जिसके मुताबिक स्टेकहोल्डर्स बीसीसीआई, फ्रेंचाइजी ओनर्स, स्पॉन्सर्स, ब्रॉडकास्टर्स दृ पिछले साल के मुकाबले 30–35 प्रतिशत ज्यादा चार्ज कर रहे हैं। कारण यह है कि चुनावी मौसम में संभावित कैंसलेशन को लेकर उनमें आशंकाएं बनी हुई हैं।

वैसे अब तक का अनुभव देखा जाए तो ब्रैंड आईपीएल तमाम बाधाओं के बावजूद मजबूत ही होता रहा है। 2020 में महामारी के दौरान भी कैलेंडर और वेन्यू बदलने के बावजूद आईपीएल ने आईपीएलसे कमाई की। फिर भी मीडिया और दर्शकों की दोहरी प्राथमिकता के बीच अगर आईपीएल अपना आकर्षण बनाए रखता है तो यह निश्चित रूप से स्पोर्ट्स की दुनिया में उसका कद बढ़ाएगा।

## वरदान मांगा

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** हिरण्यकश्यप से बचने के लिए लोगों को हिरण्यकश्यप की पूजा करनी पड़ती थी। भगवान की जगह जो भी हिरण्यकश्यप की पूजा करता वह उसे छोड़ देता और जो उसे भगवान मानने से मना करता, उसे मरवा देता या अन्य सजा देता। समय के साथ राक्षस हिरण्यकश्यप का आंतक बढ़ता गया। कुछ वक्त बीतने पर हिरण्यकश्यप के घर विष्णु भगवान के परम भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को कई बार विष्णु भगवान की पूजा करने से मना किया और कहा, "मैं ही भगवान हूं। तुम मेरी आराधना करो।" हर बार हिरण्यकश्यप की बात सुनकर प्रहलाद कहते, "मेरे सिर्फ एक ही भगवान हैं और वो भगवान विष्णु हैं। प्रहलाद की बातें सुनकर हिरण्यकश्यप ने उन्हें मारने की कई कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया।

## संपादकीय

### जिंदा रहने का संघर्ष

नैशनल पार्क में बाघों की संख्या कैरिंग कैपेसिटी के हिसाब से कितनी और बढ़ सकती है और इसे कैसे मैनेज किया जा सकता है, इसके अध्ययन के लिए वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट को स्टडी की जिम्मेदारी दी गई है। बाघों का घनत्व बढ़ना दूसरे जानवरों के व्यवहार बदलने का भी कारण बनता है। हालांकि बाघों का व्यवहार एक ही होता है। वे एक ही पैटर्न फॉलो करते हैं। जब एक ही इलाके में कई बाघ आ जाते हैं, उनके बीच तनाव और टकराव होता है, तब सरवाइवल ऑफ फिटटेस्ट का फॉर्म्युला चलता है। उत्तराखंड के मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिन्हा ने बताया कि अलग राज्य बनने के बाद जब पहली बार बाघों की जनगणना हुई, तब उनकी आबादी थी केवल 178। अब यह 560 हो चुकी है। उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसके हर जिले में बाघ मौजूद हैं। पिछले 16 बरसों में इनकी आबादी में तीन गुना से अधिक की वृद्धि हुई है।

जंगल से बेघर हो रहे बूढ़े बाघ रुख कर रहे हैं नैशनल पार्क के किनारे बसी मानव बस्तियों की ओर। इससे इंसानों और बाघों के बीच टकराव भी बढ़ गया है।

# उत्तराखंड में 560 बाघ

महेश पांडेय।।

उत्तराखंड में बाघों की संख्या बढ़ने के कारण उनके रहने की जगह कम पड़ती जा रही है। बाघों के बीच संघर्ष शुरू हो चुका है रहने का। जवान बाघ बूढ़े बाघों को बाहर ढकेल रहे हैं। जिम कॉर्बेट नैशनल पार्क में भी यही संकट है। जंगल से बेघर हो रहे बूढ़े बाघ रुख कर रहे हैं नैशनल पार्क के किनारे बसी मानव बस्तियों की ओर। इससे इंसानों और बाघों के बीच टकराव भी बढ़ गया है। बाघों की संख्या अधिक होने के कारण स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि आमतौर पर तराई में रहने वाले बाघ अब पहाड़ों पर जाने लगे हैं। जिम कॉर्बेट के डायरेक्टर डॉ. धीरज पांडे बताते हैं कि ताजा गणना के अनुसार, उत्तराखंड में 560 बाघ हैं। इनमें से 260 तो कॉर्बेट में ही हैं, जबकि 300 बाघ तराई वाले इलाकों में हैं।

कॉर्बेट नैशनल पार्क का क्षेत्रफल 1281 वर्ग किलोमीटर है। एक अनुमान के अनुसार, यहां प्रति 25 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक मेल टाइगर है, जबकि 9 से 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक फीमेल टाइगर। विदेशी पार्कों से तुलना करें तो जितने इलाके में एक बाघ होना चाहिए, उतने में कॉर्बेट में चार से पांच बाघ हैं। दुनिया में बाघों का सबसे ज्यादा घनत्व यहीं है। डॉ. धीरज के मुताबिक, जिम कॉर्बेट में चार साल के अंदर बाघों की आबादी 231 से 260 हो गई। इस गिनती में एक साल के शावकों को शामिल नहीं किया गया है। उन्हें जोड़ने पर आंकड़ा लगभग 280 हो जाता है।



बाघों का मुख्य वासस्थल तराई के जंगल हैं, लेकिन आसान शिकार अब उन्हें जंगल से लगे गांवों के खेत–खलिहानों की तरफ भी आकर्षित कर रहा है। खेतों में आवारा जानवरों का शिकार करना आसान है, जबकि जंगल में साम्भर या हिरण का शिकार करने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। आसान शिकार की तलाश बाघों को पहाड़ों की तरफ भी ले जा रही है। देहरादून में टाइगर सेल के अध्यक्ष प्रफेसर कमर कुरैशी कहते हैं कि बाघों और इंसानों के बीच का संघर्ष नया नहीं। पहले लेकिन इतना टकराव इसलिए देखने को नहीं मिलता था क्योंकि तब न बाघ इतने ज्यादा थे और न इंसान। अब दोनों का आमना–सामना एक रिपोर्ट में बताया गया है कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में भी बाघ नए क्षेत्रों में ठिकाना बना रहे हैं। प्रफेसर कुरैशी बताते हैं कि जंगलों में बाघों के लिए पर्याप्त भोजन नहीं है। टाइगर रिजर्व और वन्यजीव विहार के बाहर जंगलों की स्थिति बहुत खराब है।

शिकार की मौजूदगी के आधार पर एक बाघ अपना क्षेत्र तय करता है। बाघिन शिकार के साथ–साथ अपने शावकों की देखभाल के लिए सुरक्षित प्रवास की तलाश में रहती है। जिम कॉर्बेट अभी हाई कैरिंग कैपेसिटी पर है। इसी वजह से युवा बाघ बूढ़े बाघों को बाहर की ओर ढकेल रहे या फिर खुद ही नई जगह की तलाश में बाहर निकल जा रहे। अपने मनपसंद ठिकाने छोड़कर उनका यूं भटकना साबित करता है कि बाघों पर भी बढ़ती आबादी का दबाव पड़ रहा है।

### सूडोकू बवाल-5321

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्गों में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू बवाल -5320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### पैसा बनाने का जरिया

**मोहन।** हाल के दिनों में सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स ने अपना जो एल्गोरिद्म विकसित किया है, उसमें सामान्य फोटो या लेखन की पहुंच लगातार सीमित हुई है, जबकि रील्स की रीच बढ़ी है। इससे पैसे भी कमाए जा सकते हैं। इसीलिए तमाम युवा रील्स बनाने में ऊर्जा खर्च कर रहे हैं। चूंकि महिला के शरीर और सीमित नंगापन को प्रदर्शित करके लोगों को आकर्षित करने की फिल्मी परिपाटी अपने यहां रही है, तो यही फॉर्म्युला रील्स में भी आजमाया जा रहा। रील्स एक पल में देखने वाले को मोहित कर देती है। इसका असर हावी होने लगता है। इसी वजह से राजनीतिक दल भी इसका सहारा लेने लगे हैं। हालांकि चुनौतियां भी हैं। मध्य प्रदेश पुलिस के महानिदेशक रहे ऋषि मिश्र ने कुछ साल पहले कहा था कि पुलिस के लिए ऐसे संदेशों के दुष्प्रभावों को रोक पाना बड़ी चुनौती है। स्टैटिका की रिपोर्ट के मुताबिक, रील्स की पहुंच उन अकाउंट्स की तुलना में कहीं ज्यादा है, जिनके फॉलोअर्स कम हैं। फिर जब इसके साथ सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म से होने वाली कमाई जुड़ जाती है, तो रील्स का असर और बढ़ जाता है। वैसे भी बौद्धिक स्तर जहां कम होता है, वहां रील्स की पहुंच और प्रभाव ज्यादा है।






## लाख रुपये देकर कटवाते हैं बाल, हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हकीम का खुलासा

रणबीर कपूर से लेकर सलमान खान तक, स्टार्स इतने लाख रुपये देकर कटवाते हैं बाल, हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हकीम ने किया खुलासा। फिल्म स्टार्स जब स्टाइलिश अंदाज में स्टाइलिश कपड़े पहनकर निकलते हैं, तो हर किसी की नजरें उन पर ठहर जाती हैं। उनके हेयरस्टाइल भी कमाल के होते होते हैं, जो कई बार यह सोचने पर मजबूर कर देते हैं कि आखिर ये कहां और किससे अपने बाल कटवाते होंगे। बाल कटवाने के लिए इन्हें अपनी जेब कितनी ढीली करनी पड़ती होगी। तो चलिए इसका जवाब बताते हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक 98 पर्सेंट सेलेब्स के जो बाल काटता है, जो उन्हें स्टाइल करता है, उसका नाम है आलिम हकीम, जोकि एक सिलेब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट हैं। यह खुलासा किया और साथ ही बताया कि वह बाल कटिंग और स्टाइलिंग की कितनी फीस लेते हैं। मालूम हो कि आलिम हकीम ने विक्की कौशल से लेकर रणबीर कपूर, महेश बाबू, रजनीकांत, महेंद्र सिंह धोनी और शाहिद कपूर से लेकर अमिताभ बच्चन तक के बाल बनाए हैं। आलिम हकीन ने आगे कहा कहा, हर कोई जानता है कि मैं कितना चार्ज करता हूं। इसकी शुरुआत 1 लाख रुपये से होती है।

## पब्लिक के नाम करण जौहर का ये मैसेज आखिर क्या कहता है?

जाने–माने निर्माता निर्देशक करण जौहर ने पिछले दिनों अपने सोशल मीडिया पर लिखा, बड़ा स्केल चाहिए तो वो बनाओ! एक्शन चली! एक्शन बनाओ! लव स्टोरी चली, तो लव स्टोरी बनाओ! एक्शन हिट हुई तो वह बनाओ! चिक फ्लिक हिट हुई, तो वहां जाओ! मौसम हर हफ्ते बदलता है... आपका विश्वास हर हफ्ते मरता है! बॉक्स ऑफिस है भईया इंस्टाग्राम रील नहीं... 30 सेकंड की ट्रेंडिंग में रह जाओगे वहीं के वहीं! अचानक करण जौहर की इस पोस्ट से उनके चाहने वाले सकते में आ गए। दरअसल कोविड के बाद से चुनिंदा फिल्मों के ही अच्छा प्रदर्शन कर पाने के चलते फिल्म निर्माता से लेकर डायरेक्टर और एक्टर तक सफलता के फार्मूले की तलाश में रहते हैं। उधर सोशल मीडिया पर तमाम लोग हिंदी फिल्मवालों को साउथ सिनेमा से लेकर हॉलीवुडवालों तक से सीख लेने की सलाह देते हैं। शायद उन्हीं लोगों से आजिज आकर करण ने अपने अंदाज में उन्हें जवाब दिया।

## हीरामंडी में वली मोहम्मद बने फरदीन खान, जोरावर के रोल में अध्ययन सुमन



संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार पहले ही अपनी फीमेल स्टारकास्ट के साथ चर्चा पैदा कर चुकी है। अब, यह कैसे संभव हो सकता है कि हमारे मेल एक्टर्स यानी हीरामंडी के नवाबों से फैंस जरा भी चूक जाएं? महिला स्टारकास्ट के बाद, मेकर्स ने अब सीरीज के नवाबों, पुरुष स्टारकास्ट की घोषणा की है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फर्स्ट–लुक पोस्टर के साथ मेल स्टारकास्ट की घोषणा की। हीरामंडी: द डायमंड बाजारश के मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ नवाबों का परिचय दिया। फरदीन खान संजय लीला भंसाली की फिल्म श्हीरामंडीश के साथ वली मोहम्मद के रूप में सिल्वर स्क्रीन पर अपनी शानदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नवाब लुक में एक्टर रॉयल और रॉयल लग रहे हैं। एसएलबी की ड्रामा सीरीज के शानदार कलाकारों में शामिल होते हुए, फरदीन ने कहा, वली मोहम्मद एक नवाब के सार का प्रतीक है, जो हमेशा हीरामंडी की महिलाओं के साथ खड़ा रहता है। एक्टर शेखर सुमन संजय लीला भंसाली की हीरामंडी में जुल्फिकार के रूप में शामिल हो रहे हैं। शेखर सुमन ने कहा, शक्ति और अधिकार का एक विशाल व्यक्तित्व, वह सहजता से ध्यान खींचता है।

# नुसरूत भरूचा के पास है जूतों की पूरी फैक्ट्री

*नुसरत भरूचा को हाल ही अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा वक्त मिला, तो उन्होंने अपने वार्डरोब के साथ–साथ घर की सफाई की। लेकिन इस दौरान उन्होंने अपने जूतों और हील्स का इतना बड़ा कलेक्शन दिखाया कि सबकी आंखें फटी की फटी रह गईं। कोई सोच भी नहीं सकता कि नुसरत भरूचा के पास 10–20 जोड़ी नहीं बल्कि इससे ज्यादा ही जूते और हील्स हैं। नुसरूत भरूचा ने हाल ही अपनी इसे जूतों की फैक्ट्री की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की थीं, जो वायरल हो रही हैं। जो भी देख रहा है, वह हैरान हो रहा है। नुसरत भरूचा के पास हर तरह की सैंडल, हील्स, स्नीकर्स, बूटस, क्रॉक्स और जूते हैं, जिन्हें आप तस्वीरों और वीडियो में देख सकते हैं। किसी को कपड़ों का शौक होता है तो किसी को जूलरी और मेकअप या फिर घड़ियों का। लेकिन नुसरत भरूचा की इस जूतों की श्फैक्ट्रीश को देखकर लगता है कि उन्हें शूज का बेहद शौक है। उनके वापस वाकई कमाल का फुटवेयर कलेक्शन है, जिसकी सोशल मीडिया पर भी चर्चा हो रही है।*

**यूजर का कमेंट- मम्मी कहती है कि मेरे पास ज्यादा जूते हैं**

यूजर्स भी नुसरत भरूचा के जूतों का कलेक्शन देख तरह–तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा, और मेरी मम्मी कहती हैं कि मेरे पास बहुत जोड़ी जूते हैं। एक अन्य ने कमेंट किया, अबसे मैं





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

भी ऐसा ही कलेक्शन रखना शुरू करूंगा। हालांकि कुछ यूजर्स ने कहा कि नुसरत भरूचा शो ऑफ कर रही हैं। एक यूजर ने लिखा कि इनके पास गरीबों को देने के लिए कुछ नहीं होता।

**नुश और उसकी शू फैक्ट्री**

नुसरत भरूचा ने घर की सफाई करते हुए अपनी टीम के कुछ लोगों को भी शामिल किया था, जो उनके क्लोसेट को अरेंज करने में मदद कर रहे थे। एक तस्वीर में नुसरत भरूचा अपने जूतों के साथ पोज देती नजर आ रही हैं और उन्होंने साथ में लिखा, नुश और उसकी शू फैक्ट्री।

**अब इस फिल्म में नजर आएंगी नुसरत भरूचा**

प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो नुसरत भरूचा साल 2023 में चार फिल्मों में नजर आई थीं, जिनमें अकेली, छत्रपति, तू झूठी मैं मक्कार और सेल्फी शामिल हैं। वह अब फिल्म छोरी 2 में नजर आएंगी।

# शुक्र है मुझे पपाराजी कल्चर से दूर रखा गयाः राशा

*रवीना टंडन की बेटी राशा भले ही अब बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं, पर वह पहले से ही काफी पॉपुलर हो चुकी हैं। इसका क्रेडिट जाता है पपाराजी को। राशा जब भी कहीं पब्लिक में नजर आतीं तो पपाराजी उन्हें घर लेते। राशा थडानी के उन वीडियोज को काफी पसंद भी किया गया। राशा 19 साल की हो चुकी हैं, और अभिषेक कपूर की फिल्म से एक्टिंग डेब्यू कर रही हैं।*



राशा ने लेटेस्ट इंटरव्यू में पपाराजी से लेकर ट्रोलिंग पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि पपाराजी द्वारा फोटोग्राफ किए जाने पर वह कैसे रिएक्ट करती हैं। राशा थडानी कहा कि उन्हें मॉम रवीना टंडन ने शुरुआत से पपाराजी कल्चर से दूर रखा और इसके लिए वह शुक्रगुजार हैं। साथ ही कहा कि वह ट्रोलिंग को किस तरह से हैंडल करती हैं।

**पपाराजी कल्चर पर बोलीं- शुक्र है महम ने दूर रखा**

राशा थडानी से पूछा गया कि एक नए स्टार किड के बॉलीवुड डेब्यू के तौर पर जो शोहरत मिल रही है, उसे लेकर वह क्या सोचती हैं। तो वह बोलीं, श्बड़े होने के दौरान, मॉम (रवीना टंडन) ने हमें स्पॉटलाइट से दूर रखने की कोशिश की। मैं आभारी थी कि हम उस समय इस पपाराजी कल्चर से दूर थे। मैं 17 साल की थी, जब मुझे पपाराजी ने अकेले स्पॉट किया था। मुझे तब घुलने–मिलने में थोड़ा टाइम लगा, लेकिन अब मैं एकदम चिल हूं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की बढ़ती संख्या के कारण इससे दूर रहना मुश्किल है। जाहिर है, सोशल मीडिया हमारा काम नहीं है। हालांकि यह मजेदार हो सकता है, लेकिन कई बार बहुत गंदा भी हो जाता है।श

**ट्रोलिंग पर यह बोलीं राशा थडानी**

राशा से जब पूछा गया कि क्या ट्रोलिंग उन्हें प्रभावित करती है, तो वह बोलीं, ट्रोलिंग को लेकर मैं थोड़ी मजबूत हूं। मुझे फर्क नहीं पड़ता। मैं खुद को लकी मानती हूं कि मुझे अभी तक इतना अधिक ट्रोल नहीं किया गया है। मेरा मानना है कि अगर आपका दिन 100 पर्सेंट अच्छा गुजरा है और कोई चीज इसके 3 पर्सेंट हिस्से को प्रभावित करती है, तो बाकी 97 पर्सेंट को आप भी प्रभावित न होने दें। अगर कुछ ट्रोलिंग जैसा होता है, तो मैं इसे प्रोसेस करने, थोड़ी देर के लिए बुरा महसूस करने, फिर इस बारे में भूलने और आगे बढ़ने में विश्वास करती हूं। लगातार ध्यान करें क्योंकि यह मेरे मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। जब आप एकांत में खुद के साथ बैठते हैं, अपनी भावनाओं और विचारों का सम्मान करते हैं, तो यह आपको एक मजबूत इंसान बनाता है।

# 24 घंटे में पीना चाहिए 10 गिलास पानी, मगर कब–कितना पिएं?

*पानी से शरीर हाइड्रेट रहता है और ठीक से काम करता है। हर दिन आपको 8 से 10 गिलास पानी पीना चाहिए। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पूरे दिन में पानी पीने का सही वक्त और तरीका क्या है?*



**पानी पीने के फायदे**
पानी पीने से डिहाइड्रेशन नहीं होता और टॉक्सिन निकल जाते हैं। यह एनर्जी और रिफ्रेश रखता है। वजन को कंट्रोल रख सकते हैं और बेवजह भूख नहीं लगती। पेट के अल्सर और गैस से बचाव होता है। साथ ही शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है।

पृथ्वी से लेकर हमारे शरीर तक का बड़ा हिस्सा पानी से भरा है। इसमें कमी आने पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने लगता है। खासकर गर्मी के मौसम में पानी का सही मात्रा में सेवन करना हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पानी पीने से 100 से ज्यादा फायदे मिलते हैं। हमारे शरीर का लगभग 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना होता है। इसलिए पानी की कमी होने पर शारीरिक कामकाज बिगड़ने लगता है, जो अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। होम्योपैथिक एक्सपर्ट डॉ. वंदना गुलाटी ने बताया कि दिन में कब–कब पानी पीना चाहिए।

**कब और कितना पानी पीएं?**
- 1 गिलास पानी – सुबह खाली पेट
- 1 गिलास पानी – भोजन से पहले
- भोजन के बाद कम से कम 45 मिनट बाद पानी पीना चाहिए
- पूरे दिन में 8 से 10 गिलास पानी पीएं

इन चीजों के साथ नहीं पीना चाहिए पानी
- फल खाने के बाद
- एक्सरसाइज करने के तुरंत बाद
- फ्राई फूड खाने के बाद
- मूंगफली खाने के बाद
- गर्म दूध–चाय के साथ या तुरंत बाद



## शरीर से विटामिन डी चूस लेगी कोलेस्ट्रॉल की कमी, ढह जाएगा ढांचा

कोलेस्ट्रॉल एक गंदा पदार्थ है जिसकी वजह से नसें जाम हो जाती हैं। फिर हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा मंडराने लगता है। इस डर की वजह लोग फैट वाली चीजें खाना छोड़ देते हैं ताकि कोलेस्ट्रॉल कम किया जाए। कोलेस्ट्रॉल की कमी से हड्डियों को नुकसान पहुंच सकता है। इसकी वजह से हड्डियों की मजबूती कम होने लगती है। शरीर कोलेस्ट्रॉल का इस्तेमाल कई काम के लिए करता है। मसलन हमारी कोशिकाएं इसका इस्तेमाल करके सूरज की रोशनी से विटामिन डी बनाती है। ंमजंद न्ह के अनुसार इसके बाद यह लिवर और किडनी में जाकर अंतिम रूप लेता है। लेकिन सबसे पहला कदम कोलेस्ट्रॉल से शुरू होता है। अगर आपको पूड़ी खाना पसंद है तो इसे सरसों के तेल में बनाएं। यह तेल गंदे कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। रिसर्चगेट पर मौजूद शोध कहता है कि यह तेल अलसी के तेल, तिल के तेल और सोयाबीन तेल से ज्यादा एचडीएल देता है। सरसों का तेल आपकी हड्डियों को जान देने का काम करता है। हर सुबह बादाम खाने से विटामिन डी बढ़ने लगेगा। इसके अंदर विटामिन डी नहीं होता, लेकिन नट्स में हेल्दी फैट होते हैं। जो हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन को बढ़ाते हैं। फिर यह कोलेस्ट्रॉल सेल्स में जाकर सनशाइन विटामिन बनाने का काम करता है। मछली खाना शरीर के लिए फायदेमंद होता है। इसके अंदर अधिकतर पोषक तत्व होते हैं।

## लिम्फ नोड्स में होने वाली सूजन को न करें अनदेखा

लिम्फ नोड्स शरीर के इम्यून सिस्टम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह संक्रमण और रोगों से लड़ने में मदद करते हैं।शरीर की कोशिकाएं और ऊतक लिम्फेटिक फ्लूइड में वेस्ट प्रोडक्ट्स को डिस्पोज करते हैं। जिसे लिम्फ नोड्स फिर फिल्टर करती हैं। मायो क्लिनिक के अनुसार लिम्फ नोड्स में सूजन कई प्रकार की समस्याओं का संकेत हो सकता है, जैसे कि कोई संक्रमण, शारीरिक चोट या कोई गंभीर रोग। लिम्फ नोड लिम्फ नोड्स, शरीर में लिम्फेटिक सिस्टम का हिस्सा है, जो नोड्स और वाहिकाओं के बीच एक नेटवर्क का काम करती हैं। शरीर के कुछ क्षेत्रों में जैसे कि गर्दन और कमर में लिम्फ नोड्स त्वचा के करीब होते हैं। जिसके कारण संक्रमण विकसित होने पर इनमें सूजन आ सकती है। ये नोड्स पेट में और फेफड़ों के बीच में भी मौजूद होते हैं। लिम्फैडेनाइटिस की समस्या तब होती है, जब लिम्फ में बैक्टीरिया या वायरस नोड को संक्रमित करते हैं। तब लिम्फ नोड में सूजन आ जाती है और उनमें दर्द होने लगता है।


## पीरियड्स में कितना ब्लड क्लॉट आना नॉर्मल है?



महिलाओं में पीरियड एक नेचुरल प्रोसेस है। इस दौरान यूट्रस की एंडोमेट्रियम लाइन टूटती है, जिसके चलते ब्लीडिंग होती है। कभी–कभी ब्लीडिंग के दौरान क्लॉट्स यानी खून के थक्के भी दिखाई देते हैं, जिन्हें मेंस्ट्रुल क्लॉट कहा जाता है। मेंस्ट्रुअल क्लॉट जमे हुए खून, टिश्यू और जेल जैसी खून की बूंदों की तरह होते हैं। ये अक्सर पीरियड के दौरान यूट्रस से बाहर निकल जाते हैं। इनका रंग हल्के लाल से गहरे लाल रंग का हो सकता है। पर सवाल यह है कि क्या पीरियड्स के दौरान क्लॉट आना नॉर्मल बात है। मेंस्ट्रुअल क्लॉट का मुख्य कारण है हैवी ब्लीडिंग। अगर खून के थक्के एक चौथाई से बड़े नहीं है, तो यह नॉर्मल मेंस्ट्रुअल क्लॉट है। क्योंकि नसों में बनने वाले थक्कों के विपरीत, मेंस्ट्रुल क्लॉट खतरनाक नहीं होते। लेकिन अगर आपको नार्मल से ज्यादा ब्लीडिंग होती है, तो यह अबनॉर्मल मेंस्ट्रुअल क्लॉट कहलाता है। पीरियड्स के दौरान खून के थक्के के साथ हैवी ब्लीडिंग, असहनीय मेंस्ट्रुअल क्रैंप के साथ क्लॉट का साइज बढ़ने लगे, तो इसे इग्नोर नहीं करना चाहिए। यह स्थिति किसी गंभीर समस्या का संकेत देती है। पीरियड्स में खून के थक्के कई कारणों से हो सकते हैं। इसमें ओवेरियन सिस्ट, फाइब्रॉएड, हार्मोनल इंबैलेंस, पीसीओएस, एडिनोमायोसिस और डिस्फंक्शन यूटरिन ब्लीडिंग शामिल है।

# कैंसर होने के पहले दिन बता देंगी ये चीजें


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



*कैंसर एक जानलेवा बीमारी है जिसके आमतौर पर कई प्रकार देखने को मिलते हैं। इनमें से एक कोलोरेक्टल कैंसर है, जो दुनिया के लिए सिरदर्द बना हुआ है। दुनिया में हो रही कैंसर से जुड़ी मौतों में यह प्रकार मुख्य है। कोलोरेक्टल कैंसर को रोका जा सकता है। अगर बीमारी को जल्दी पकड़ लिया जाए तो इसका इलाज मुमकिन है। सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर इसे जल्दी पकड़ा कैसे जाए। इस बारे में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल के गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी में सीनियर कंसल्टेंट व प्रमुख डॉ. दीपक गोविल और सीनियर कंसल्टेंट डॉ. विवेक टंडन से बात की गई।*

**किस बला का नाम है कोलोरेक्टर कैंसर?**
कोलोरेक्टल कैंसर कोलन या मलाशय में विकसित होता है। ये डायजेस्टिव सिस्टम के हिस्से हैं जो भोजन को प्रोसेस करते हैं और वेस्ट मटेरियल को खत्म करते हैं। कोलोरेक्टल के अधिकतर विकृ तियां प्री कैंसरस पॉलीप्स के रूप में शुरू होती हैं जिससे मलाशय की आंतरिक परत में असामान्य बढ़ोतरी होती हैं। यदि इन पॉलीप्स की तुरंत पहचान और रोकथाम नहीं की जाए तो कैंसर फैल सकता है।

**कैंसर को जल्दी पकड़ती हैं ये चीजें**
कोलन कैंसर को पकड़ने के लिए कुछ टेस्ट करवाने चाहिए। अगर आपको पेट का कोई रोग लंबे समय से हो रहा है और गंभीर होता



जा रहा है तो इन टेस्ट को करवाएं। 45–50 की उम्र के बाद भी इन टेस्ट को करवाना चाहिए।

**डाइट को ऐसे बनाएं हेल्दी**
स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा काफी कम हो जाता है। प्रोसेस्ड और रेड मीट का सेवन सीमित करें और फल, सब्जी और साबुत अनाज से भरपूर बैलेंस्ड डाइट पर ज्यादा जोर दें। नियमित शारीरिक गतिविधि करने और अत्यधिक शराब के सेवन से बचने से भी जोखिम कम करने में मदद मिलती है।

**वजन हेल्दी है या नहीं?**
मोटापा से कोलन को काफी नुकसान पहुंचता है। इससे कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। खुद का वजन कंट्रोल रखें। ऐसा करने से कैंसर का जोखिम कम किया जा सकता है और बेहतर जीवन जी सकते हैं।

**तंबाकू से परहेज**
तंबाकू को लंग और ओरल कैंसर का प्रमुख कारण माना गया है। लेकिन लोग नहीं जानते कि तंबाकू से कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा भी बढ़ता है। धूम्रपान छोड़ने से न केवल कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा कम होता है बल्कि कई अन्य स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा भी कम कर सकते हैं।

**डक्टर्स ने दी ये सलाह**
डॉक्टर्स का कहना है कि कोलोरेक्टल कैंसर की रोकथाम के लिए इसे जल्दी पहचानना जरूरी है। हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ डॉक्टरों की सलाह फॉलो करने से जोखिम कम किए जा सकते हैं। साथ ही नियमित जांच कराकर इसे शुरुआती चरण में ही पकड़ सकते हैं। याद रहे कि कोलोरेक्टल कैंसर को हराया जा सकता है।



टीम जीत की पटरी पर लौटने की कोशिश

शुभमन गिल के नेतृत्व वाली गुजरात टाइटंस को अपने आखिरी मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स के हाथों 33 रन की शिकस्त का सामना करना पड़ा। गुजरात टाइटंस की टीम आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर खिसक गई है। गिल की टीम का अगला मुकाबला बुधवार को राजस्थान रॉयल्स से होगा, जिसके जरिये टीम जीत की पटरी पर लौटने की कोशिश करेगी।

## एड शीरन ने शुभमन गिल से उनकी गर्लफ्रेंड का नाम पूछा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल का बुखार दुनियाभर के फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस बीच मशहूर सिंगल एड शीरन ने भारत में एक कंसर्ट किया और फिर भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल से मुलाकात की। शीरन और गिल के साथ तन्मय भट भी नजर आए और तीनों ने काफी मस्तीभरा समय बिताया। एड शीरन ने तन्मय भट और शुभमन गिल के साथ मस्तीभरे वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट भी किया है। शीरन ने बातों–बातों में शुभमन गिल से उनकी गर्लफ्रेंड का नाम भी पूछ लिया। फिर गिल ने जो जवाब दिया, वो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एड शीरन ने शुभमन गिल से पूछा– क्या आपकी कोई गर्लफ्रेंड है? इस पर गुजरात टाइटंस के कप्तान ने मुस्कुराकर जवाब दिया– नहीं। शीरन ने पलटकर जवाब दिया कि मार्केट में यह लड़क है, जिसका मतलब कि शुभमन गिल एक एलिजिबल बेचलर हैं। शीरन ने साथ ही बताया कि उनकी पत्नी के एक दोस्त ने उन्हें शुभमन गिल का फोटो दिखाया, जिसमें क्रिकेटर अपने सिक्स पैक्स एब्स दिखा रहे हैं। यह पूरा वीडियो यूट्यूब पर आप देख सकते हैं। बता दें कि एड शीरन भारत में कंसर्ट के लिए आए हुए थे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक के रिप्लेसमेंट का किया एलान

**क्रिकेट**

### लिजाड ने दक्षिण अफ्रीका के लिए मैच खेले हैं 4 वनडे और 11 टी20 इंटरनेशनल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने आखिरकार इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक के रिप्लेसमेंट की घोषणा कर दी है। हैरी ब्रूक ने निजी कारणों से आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस ले लिया था। दिल्ली कैपिटल्स ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को हैरी ब्रूक की जगह शामिल किया है।

दिल्ली कैपिटल्स ने लिजाड विलियम्स को उनकी बेस प्राइस 50 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। 30 साल के लिजाड विलियम्स अच्छी लय में हैं। उन्होंने इस साल एसए20 में सुपरकिंग्स के लिए खेलते हुए 9 मैचों में 15 विकेट चटकाए। 2021 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने के बाद विलियम्स ने दो टेस्ट, चार वनडे और 11 टी20



इंटरनेशनल मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया।

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2024 शुरू होने से पहले करारा झटका लगा था, जब हैरी ब्रूक ने अपना नाम वापस ले लिया था। दिल्ली ने आईपीएल 2024 नीलामी में हैरी ब्रूक को 4 करोड़ रुपये में खरीदा था। जानकारी मिली कि ब्रूक की दादी का निधन हुआ और क्रिकेटर ऐसे में अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते थे। युवा बैटर ने भारत–इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में भी हिस्सा नहीं लिया था। वैसे, दिल्ली कैपिटल्स का भी मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन सराहनीय नहीं रहा है। ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली दिल्ली ने अब तक पांच मैच खेले, जिसमें से केवल एक मुकाबला जीता जबकि चार में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा। कप्तान ऋषभ पंत का भी बुरा हाल है। वो दो बार आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन के दोषी पाए गए क्योंकि तय समय पर पारी के ओवर पूरे नहीं करा सके। उन पर एक बार 12 लाख रुपये और एक बार 24 लाख रुपये का जुर्माना लगा।

दिल्ली के पास अब एनरिच नॉर्ट्जे, झाय रिचर्डसन और लिजाड विलियम्स के रूप में तीन विदेशी तेज गेंदबाज हो गए हैं। दिल्ली को अपना अगला मुकाबला शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ खेलना है। पंत ब्रिगेड की कोशिश जीत की पटरी पर लौटने की होगी।

# धोनी आक्रामक नहीं होते लेकिन हार भी नहीं मानते है

- गौतम गंभीर ने महेंद्र सिंह धोनी की जमकर सराहना की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और नाइट राइडर्स के मेंटर गौतम गंभीर ने एमएस धोनी के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता को याद करते हुए कहा कि जब धोनी सुपर किंग्स का नेतृत्व कर रहे थे, तो उन्हें अपने पूर्व कप्तान को हराने के लिए अपनी सबसे बेहतरीन रणनीति बनानी पड़ती थी। चेन्नई में सीएसके और केकेआर के बीच होने वाले मैच से पहले गंभीर ने कहा कि उन्होंने नाइट राइडर्स के कप्तान के रूप में अपने दिनों में धोनी और सुपर किंग्स के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता का आनंद लिया।

गौतम गंभीर ने आईपीएल में केकेआर की किस्मत को पुनर्जीवित किया और शाहरुख खान के फ्रेंचाइजी को दो आईपीएल खिताब दिलाए। केकेआर की पहली खिताबी जीत चेन्नई में हुई जब उन्होंने फाइनल में सीएसके को हराया। गंभीर उनकी खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे क्योंकि उनकी रणनीतिक समझ सामने आई थी।2012 में केकेआर ने सीएसके को आईपीएल खिताब की हैट्रिक जीतने से रोक दिया था।

गंभीर ने कहा, मैं जीतना चाहता था। मैं अपने दिमाग में बहुत स्पष्ट हूं। दोस्त, आपसी सम्मान, सब कुछ रहेगा। लेकिन जब आप बीच में होते हैं, मैं केकेआर की कप्तानी कर रहा हूं और वह सीएसके की कप्तानी कर रहे हैं। अगर आप उनसे पूछेंगे, तो वह शायद आपको वही जवाब देगा। वहां सिर्फ जीत हासिल करना लक्ष्य है। जाहिर है, एमएस भारत के अब तक का सबसे सफल कप्तान हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी उस लेवल तक पहुंच सकता है और 3 आईसीसी ट्रॉफी जीत सकता है। 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे गंभीर ने एमएस धोनी की कभी हार न मानने की क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि विपक्षी टीमें उनकी फिनिशिंग स्किल से सावधान रहती थीं। गंभीर ने कहा– आईपीएल में इसका हर पल आनंद लिया क्योंकि मुझे पता था कि एमएस की रणनीतिक मानसिकता थी। वह रणनीति में बहुत अच्छे हैं। पता था कि स्पिनरों को कैसे नियंत्रित करना है, उनके खिलाफ फील्ड कैसे सेट करनी है और कभी हार भी नहीं मानेंगे।

## सोमनाथ मंदिर जाते ही खुले हार्दिक पंड्या के भाग्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मान्यता है कि प्रभास पाटन में सोमनाथ मंदिर दर्शन करने वाला कभी खाली हाथ नहीं आता है। अब जब मुश्किलों में घिरे हार्दिक पंड्या ने आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले मंदिर दर्शन किया तो उनके भी कुछ दुख दूर होते दिखाई दे रहे हैं। उनकी टीम मुंबई इंडियंस ने लगातार 3 हार के बाद चौथे मुकाबले में खाता खोलने में कामयाब रही। हार्दिक पंड्या ने जीत के बाद तस्वीरें शेयर कीं तो फैंस ने इसे सोमनाथ मंदिर दर्शन से जोड़ने में कतई कोताही नहीं की। मुंबई इंडियंस राजस्थान रॉयल्स से हार के बाद पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे थी, जबकि 7 अप्रैल को अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले पंड्या ने प्रसिद्ध मंदिर का दौरा किया। उनकी पूजा करने की तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए। अब टीम ने हाईस्कोरिंग मुकाबले में ऋषभ पंत की दिल्ली को हराने में कामयाब भी रही।

## न्यूज डायरी



### दिनेश कार्तिक को आज भी है आईपीएल में इस बात का मलाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं, जो आईपीएल की शुरुआत से खेल रहे हैं। दिनेश कार्तिक संभवतः अपना आखिरी आईपीएल सीजन खेल रहे हैं। अपने लंबे करियर पर ध्यान देते हुए कार्तिक ने बताया कि उन्हें आईपीएल में केवल एक बात का मलाल रह गया। दिनेश कार्तिक ने कहा कि उन्हें सबसे बड़ा मलाल इस बात का रहा कि 2012–13 में उन्होंने मुंबई इंडियंस को नहीं कहा कि उन्हें रिटेन कर लें। दिनेश कार्तिक ने 2013 आईपीएल में मुंबई इंडियंस के साथ खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने फ्रेंचाइजी से कहा था कि उन्हें रिटेन नहीं किया जाए। रविचंद्रन अश्विन के साथ यूट्यूब पर कुट्टी स्टोरीज में बातचीत करते हुए दिनेश कार्तिक ने बताया कि मुंबई इंडियंस सबसे जुदा क्यों हैं। आईपीएल के अनुभवी खिलाड़ी ने फ्रेंचाइजी को श्रेय दिया कि जिन खिलाड़ियों को वो अपने साथ जोड़ती है, उनकी हरसंभव मदद करती है। फ्रेंचाइजी अपने खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराती हैं ताकि खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ निकल सके। मुंबई इंडियंस क्या करता है कि अभ्यास और कोच तक पहुंचने के संसाधन मुहैया कराता है।

### गुजरात टाइटंस की लगातार दूसरी हार से झल्लाए कप्तान शुभमन गिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस को लखनऊ सुपरजायंट्स के हाथों 33 रन की शिकस्त सहनी पड़ी। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 के 21वें मैच में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करके 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए। जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर ऑलआउट हो गई। गुजरात टाइटंस की लगातार दूसरी शिकस्त के लिए कप्तान शुभमन गिल ने अपने बल्लेबाजों को दोषी ठहराया है। गिल ने कहा कि अच्छी शुरुआत करने के बाद मिडिल ओवरों में हमने विकेट गंवाएं और फिर इससे कभी उबर नहीं पाए। पता हो कि गुजरात को लखनऊ से पहले पंजाब के हाथों तीन विकेट से पराजय झेलनी पड़ी थी। शुभमन गिल ने कहा कि मेरे ख्याल से यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी। हमारा बल्लेबाजी प्रदर्शन खराब रहा। हमारी शुरुआत अच्छी रही, लेकिन बीच के ओवरों में हमने विकेट गंवाएं और इससे कभी उबर नहीं पाए। मेरे ख्याल से हमारे गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके लखनऊ को इस स्कोर पर रोका। हमें लगा था कि 170 या 180 रन का स्कोर बनेगा, लेकिन गेंदबाजों ने उन्हें पहले ही रोक दिया। डेविड मिलर हमारी टीम के ऐसे खिलाड़ी हैं, जो कभी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। मगर कुछ खिलाड़ी चोटिल हैं, लेकिन इस स्कोर को हासिल किया जा सकता था। मेरे विकेट के बारे में यही कह सकता हूं कि पावरप्ले का आखिरी ओवर था और मैं बस रन गति बढ़ाने की कोशिश कर रहा था।

### जो धोनी और कोहली नहीं कर सके वो अद्भुत रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम दर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। रोहित शर्मा आईपीएल में भले ही कुछ सीजन से नहीं चल रहे हैं। लेकिन टी20 क्रिकेट में रोहित का रिकॉर्ड हमेशा से शानदार रहा है। वह इस फॉर्मेट में पहला शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। कप्तान के रूप में रोहित अभी तक एक बार भी टी20 टूर्नामेंट का फाइनल नहीं हारे हैं। वह दुनिया में सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल खेलने वाले पुरुष खिलाड़ी भी हैं। अब रोहित 250 टी20 मैच जीतने वाले भी पहले भारतीय बन गए हैं। रोहित शर्मा खिलाड़ी के रूप में सबसे ज्यादा टी20 मैच जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। 2007 में रोहित ने मुंबई की तरफ से अपना टी20 डेब्यू किया था। अभी तक वह 430 मैच खेल चुके हैं। भारत के लिए रोहित ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। उसी मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ ओवर की सभी 6 गेंदों पर छक्का मारे थे। भारतीय खिलाड़ियों में कोई भी जीत के मामले में रोहित शर्मा के आसपास नहीं हैं। महेंद्र सिंह धोनी 222 जीत के साथ दूसरे नंबर पर हैं। धोनी ने अभी तक अपने करियर में 381 टी20 मुकाबले खेले हैं। घरेलू क्रिकेट में रोहित सिर्फ मुंबई का हिस्सा रहे हैं जबकि आईपीएल में मुंबई इंडियंस से पहले डेक्कन चार्जर्स के लिए खेलते थे। वर्ल्ड की बात करें तो सबसे ज्यादा टी20 मैच जीतने वाले खिलाड़ी का नाम कीरोन पोलार्ड है।





## संक्षिप्त समाचार

### सीएम धामी ने पौड़ी के चौबट्टाखाल में की जनसभा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पौड़ी के डिग्री कॉलेज मैदान चौबट्टाखाल में गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में आयोजित जनसभा में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जितनी भी सभाएं हो रही हैं उनमें महिलाएं बढ़ चढ़कर कर प्रतिभाग कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने रुद्रपुर की रैली से सभी को राम–राम और प्रणाम भेजा है। कहा कि मुझे विश्वास है गढ़वाल की जनता अपने आशीर्वाद से अनिल बलूनी को जरूर जिताएगी। इस दौरान सीएम धामी ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं।

### सेब किसानों की समस्या जांच कमेटी के सामने रखी

**संवाददाता** देहरादून। सेब किसानों की समस्या पर बनी जांच कमेटी के सामने सोमवार को किसानों और भारतीय किसान वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखा। फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह उनके सहयोगी और किसान निरंजनपुर स्थित मंडी समिति पहुंचे। वहां जांच कमेटी के सामने अपनी बकाया भुगतान राशि और 6.30 कमीशन खोरी की समस्या उठाई। इस दौरान फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी ठाकुर रमेश चौहान, डायरेक्टर नरेंद्र चौहान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण शर्मा, जिला प्रभारी अशोक चौधरी, सेब उत्पादन समिति बंगाण के अध्यक्ष शूरवीर चौहान, आरपी राणा, सुनिल कुंडियाल, किशोर सिंह राणा शामिल रहे।

### जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड ने 960 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया

**संवाददाता** देहरादून। जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड सोलर पावर इंजीनियरिंग, खरीद और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) सर्विसेज और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशंस में विशेषज्ञता वाले रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में एक लीडिंग प्लेयर है, कंपनी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में ऑपरेशंस से अपना अब तक का सबसे अधिक रेवेन्यू 960 करोड़ रुपये (प्रोविजनल और अनऑडिटेड) दर्ज किया है।

### पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड को बीबीबी–(स्टेबल) क्रेडिट रेटिंग दी गई

**संवाददाता** देहरादून। भारत के वायर और केबल इंडस्ट्री में एक प्रमुख खिलाड़ी, पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड (बीएसईरू 530555, एनएसईरू पैराकेबल्स) ने घोषणा की है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने कंपनी को बीबीबी–(स्टेबल) पर बैंक फेसिलिटीज द्वारा लॉन्ग–टर्म रेटिंग दी है। यह ग्रोथ हमारे प्रोडक्ट्स की मजबूत मांग और ऑर्डर बुक के एफिशिएंट एग्जीक्यूशन के कारण हुई, जो हमारे व्यवसाय की ताकत और लचीलेपन को दर्शाता है।

# सुविधा पोर्टल के माध्यम से हो सकती नामांकन प्रक्रिया



**तैयारी**

■ निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम और सरल बनाने के लिए विभिन्न ऐप और पोर्टल तैयार किये गये

**संवाददाता**

देहरादून। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम और सरल बनाने के लिए विभिन्न ऐप और पोर्टल तैयार किये गये हैं। सुविधा पोर्टल के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया हो सकती है। प्रचार अवधि में प्रचार की अनुमतियां, हेलीकॉप्टर की अनुमतियां, वाहनों की अनुमति, पोस्टर, बैनर एवं अन्य अनुमतियां सुविधा ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती हैं। ऑनलाइन मोड से अनुमतियों के लिए आवेदन भी कर सकते हैं और अनुमति प्राप्त भी कर सकते हैं। राज्य में सुविधा पोर्टल के माध्यम से अभी तक 2121 अनुमतियों के लिए अनुरोध प्राप्त हुए। उसमें से 1721 अनुमतियां प्रदान की जा चुकी हैं। 360 अनुमतियां पूर्ण दस्तावेज न होने अथवा निर्धारित प्रारूप पर न होने के कारण निरस्त की गई हैं। शेष अनुमतियां पर कार्यवाही गतिमान हैं, शीघ्रता से उनका निस्तारण किया जा रहा है। देहरादून जनपद में सर्वाधिक 306 अनुमतियां, हरिद्वार जनपद में 299 और उधमसिंह नगर जनपद में 288 अनुमतियां दी जा चुकी हैं। 17 अप्रैल 2024 तक विभिन्न अनुमतियां ली जा सकती हैं।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल ऐप में भी राज्य की अच्छी प्रगति है। उत्तराखण्ड देश के शीर्ष तीन राज्यों में अपनी कारवाई प्रदर्शित कर रहा है। अभी तक सी विजिल ऐप पर 17 हजार 377 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। उसमें से 16 हजार 800 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। 554 शिकायतें निराधार पायी गई। सर्वाधिक कम शिकायतें अल्मोड़ा जनपद में 162, बागेश्वर में 184 और उत्तरकाशी में 512 प्राप्त हुई हैं। अवैध पोस्टर की सबसे अधिक 10 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतें पौड़ी जनपद में 03 हजार 737, टिहरी जनपद में 03 हजार 254 और हरिद्वार जनपद में 2 हजार 600 प्राप्त हुई हैं। सबसे

**इस सुविधा का लाभ लेंः अपर मुख्य निर्वाचन**

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सर्विस वोटर के लिए 93 हजार 187 इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) जारी किये गये थे। उसमें आवेदनों को डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 07 अप्रैल 2024 थी। 89 हजार 47 आवेदन डाउनलोड किये गये। उन्होंने सभी सर्विस वोटर से अनुरोध किया कि इस सुविधा का लाभ लें और मतगणना से पूर्व इनको प्रेषित करें।

## निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा मिलान किया गया

देहरादून। लोक सभा निर्वाचन, 2024 को समुचित ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी, देहरादून के के निर्देश के क्रम में सोमवार को पूर्वान्हह 10.00 बजे से अपरान्हह 05.00 बजे तक ऋषिपर्णा सभागार, कलेक्ट्रेट देहरादून में प्रथम निरीक्षण व्यय प्रेक्षक राजेश कोठारी की उपस्थिति में निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा मिलान किया गया। निर्वाचन व्यय लेखा मिलान हेतु 08 अभ्यर्थी द्वारा स्वयं अथवा अधिकृत निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से अपना निर्वाचन लेखा मिलान हेतु प्रस्तुत किया। 03 अभ्यर्थी द्वारा स्वयं अथवा उनके अधिकृत निर्वाचन अभिकर्ता निर्वाचन व्यय लेखा मिलान हेतु उपस्थित नहीं हुये।

इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी, देहरादून/नोडल अधिकारी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, सुश्री नीतू भण्डारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, टिहरी गढ़वाल बालक राम, शुभम तोमर एवं आलोक शाह सहायक नोडल अधिकारी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, राजीव गुप्ता, सलाहाकर, हरीश चन्द्र, लाईजनिंग आफिसर, भरत सिंह लेखाकार, शिवम मौर्य एवं सूरज सहायक लेखाकार, सभी सहायक व्यय प्रेक्षक, प्रभारी अधिकारी, लेखा टीम एवं उनके सम्बद्ध कार्मिक, लेखा टीम, 01–टिहरी गढ़वाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र भी उपस्थित रहे।

# व्यवस्थाओं से समय से पूर्ण करने के निर्देश

**निर्देश**

■ निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन के अनुसार की जा रही समुचित तैयारियां

**संवाददाता**

देहरादून। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 निष्पक्ष एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका के निर्देशन में निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन के अनुसार समुचित तैयारियां की जा रही है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोनिका ने महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज में बनाये जा रहे स्ट्रांगरूम, निर्वाचन सामग्री वितरण स्थल की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने अधिकारियों को



महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज में बेरिकेटिंग, टैन्ट, सीटिंग व्यवस्था वाहन पार्किंग अधिकारी समुचित व्यवस्थाओं से समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सामग्री वितरण स्थल पर विद्युत, पेयजल, शौचालय आदि समस्त मूलभूत सुविधा निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप स्थापित की जाएं।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान सामग्री वितरण स्थल महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज में विधानसभावार बनाये गए स्ट्रांगरूम का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि स्ट्रांगरूम एवं स्ट्रांगरूम के बाहर सीसीटीवी कैमरे से 24×7 निगरानी बनाए रखी जाए तथा फूटेज को संग्रहित की जाएं। स्ट्रांगरूम परिसर के बाहर 24×7 सुरक्षा व्यवस्था हेतु सशस्त्र बल तैनात रहेंगे।

नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी सदरुसहयक रिटर्निंग अधिकारी रायपुर हर गिरि गोस्वामी, नगर आयुक्त ऋषिकेशसहायक रिटर्निंग अधिकारी शैलन्द्र नेगी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी ऋषिकेश कुमकुम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पी.सी त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का बताए जाने पर भड़के माहरा

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा की ओर से कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताए जाने पर कांग्रेस ने कड़ा एतराज जताया है। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि भाजपा जनता को फिर से धर्म की राजनीति में बांटने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा को कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र पर उंगली उठाने की बजाय अपने कार्यकाल की उपलब्धियां जनता को बतानी चाहिए। भाजपा हमेशा समाज को जाति धर्म में बांटने की राजनीति करती है। कांग्रेस ने धर्म के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने की बजाय हमेशा लोकतांत्रिक, समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्षता की बात करते हुए जनता का समर्थन मांगा है। कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए बलिदान दिए। अंग्रेजों से लम्बी लड़ाई लड़ी।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।